बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 123/2024

(i) इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024 एवं (ii) इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरे जाने एवं शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधान, विद्यार्थी, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा०शि०) तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा संचालित में (i) **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024** एवं (ii) **इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024** अलग–अलग आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले इच्छुक वैसे परीक्षार्थी, जिनका सूचीकरण तीन सैद्धिक सत्रों तथा, 2020–22, 2021–23 एवं 2022–24 के लिए मान्य है, वे अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से समिति की वेबसाईट **seniorsecondary.biharboardonline.com** पर दिनांक **28.03.2024 से 04.04.2024** तक ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। परीक्षा आवेदन भरने वाले विद्यार्थी का निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा। समिति के उक्त वेबसाईट पर परीक्षा आवेदन प्रपत्र अपलोड है। शिक्षण संस्थान के प्रधान परीक्षा आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र विद्यार्थी को उपलब्ध कराऐंगे और उनसे विधिवत् भरा हुआ परीक्षा आवेदन पत्र प्राप्त कर समिति के उक्त वेबसाईट पर निर्धारित अवधि में ऑनलाईन भरना एवं निर्धारित शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

2. उक्त परीक्षाओं हेतु दो अलग–अलग प्रकार के आवेदन पत्र का प्रपत्र पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

3. **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024 :** इस परीक्षा में निम्नांकित कोटि के परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकते हैं:–

(i) **नियमित (Regular)/स्वतंत्र (Private) कोटि के परीक्षार्थी:–** इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, सत्र 2022–24 के लिए मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के सूचीकृत नियमित/स्वतंत्र कोटि के वैसे विद्यार्थी, जो Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण है, परन्तु संबंधित शिक्षण संस्थान में उनके द्वारा परीक्षा आवेदन एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के बावजूद शिक्षण संस्थान के प्रधान की लापरवाही के कारण अथवा किसी अन्य अपरिहार्य कारणवश उनका ऑनलाईन परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया और जिनके कारण वे विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गये हो, तो वैसे छूटे हुए सूचीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी को, अपवादस्वरूप विशेष मौका देते हुए **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024** में नियमित (Regular)/स्वतंत्र (Private) कोटि के परीक्षार्थी के रूप में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाता है। ऐसे परीक्षार्थी को वार्षिक परीक्षा, 2024 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। उनकी प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा भी आयोजित होगी, जिसमें उन्हें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। Sent-up परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित रहे विद्यार्थी परीक्षा आवेदन भरने के पात्र नहीं होंगे।

(ii) **पूर्ववर्ती (Ex-Student) कोटि के परीक्षार्थी:–** सत्र 2020–22 अथवा 2021–23 के लिए सूचीकृत वैसे विद्यार्थी, जो परीक्षा में सम्मिलित होकर अनुत्तीर्ण रहे हों और वर्ष 2024 की वार्षिक परीक्षा में पूर्ववर्ती छात्र (Ex-Student) के रूप में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखते थे, परन्तु शिक्षण संस्थान के प्रधान की लापरवाही के कारण अथवा किसी अन्य कारणवश उनका ऑनलाईन परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया और इसके कारण वे परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गये हों, तो वैसे छूटे हुए सूचीकृत एवं Sent up परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी को, अपवादस्वरूप विशेष मौका देते हुए **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024** में पूर्ववर्ती छात्र (Ex-Student) के रूप में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाता है। ऐसे परीक्षार्थी को वार्षिक परीक्षा, 2024 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। उनकी प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा भी आयोजित होगी, जिसमें उन्हें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। Sent-up परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित रहे विद्यार्थी परीक्षा आवेदन भरने के पात्र नहीं होंगे।

(iii) **इन्टरमीडिएट वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा, 2024 में अनुपस्थित परीक्षार्थियों के संबंध में:–** इन्टरमीडिएट वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित रहने वाले वैसे सूचीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो किसी कारणवश उक्त परीक्षा में अपने एक अथवा एक से अधिक अथवा सभी विषयों की परीक्षा में अनुपस्थित रहे हों, तो वैसे परीक्षार्थी को अपवाद **स्वरूप इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024** में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे परीक्षार्थी को वार्षिक परीक्षा, 2024 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। उनकी प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा भी आयोजित होगी, जिसमें उन्हें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

(iv) **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024 में समुन्नत कोटि के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के संबंध में:–** इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में उत्तीर्ण वैसे परीक्षार्थी, जो इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में समुन्नत परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होना चाहते थे, परन्तु किसी कारणवश उनका ऑनलाईन परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया हो और इसके कारण वे परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गए हों, तो वैसे परीक्षार्थी इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024 में समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के रूप में अपने एक अथवा सभी विषयों (प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक), जिसमें वे उत्तीर्ण हैं, की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। **इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024** में उत्तीर्ण परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे। ऐसे परीक्षार्थी वर्ष 2025 की वार्षिक परीक्षा में समुन्नत परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकते हैं।

(v) **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024 में क्वालिफाईंग (Qualifying) कोटि के परीक्षार्थी के संबंध में:–** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इन्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी उन विषयों, जिनमें वह उत्तीर्ण है, के अलावे किसी एक अन्य विषय की परीक्षा में इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होना चाहें थे, परन्तु किसी कारणवश उनका ऑनलाईन परीक्षा आवेदन नहीं भरा गया हो और इसके कारण वे परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गए हों, तो वैसे परीक्षार्थी **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024** में क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकते हैं। इस हेतु कक्षा में उपस्थिति अनिवार्य नहीं होगी, किन्तु प्रायोगिक परीक्षा वाले विषय (संगीत एवं गृह विज्ञान को छोड़कर) में उसे न्यूनतम 01 (एक) वर्ष के प्रायोगिक कार्य का पाठ्यक्रम शिक्षण संस्थान में पूरा किया होना अनिवार्य है। इस कोटि के परीक्षार्थी के प्रायोगिक विषय की परीक्षा ली जाएगी, जिसमें उन्हें सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

4. **इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024:–** इस परीक्षा में निम्नांकित कोटि के परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकते हैं:–

(i) इन्टरमीडिएट, वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा, 2024 में 02 (दो) अनिवार्य विषयों एवं 03 (तीन) ऐच्छिक/वैकल्पिक विषयों को मिलाकर अर्थात कुल 05 (पाँच) विषयों में से अधिकतम 02 (दो) विषयों में अनुपस्थित परीक्षार्थी को कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के संबंध में:– इन्टरमीडिएट वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित रहने वाले वैसे सूचीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो किसी कारणवश अधिकतम दो विषयों की मात्र सैद्धांतिक परीक्षा में अनुपस्थित रहे हों, उन्हें अपवाद स्वरूप **इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024** में उन अनुपस्थित अधिकतम दो विषयों की परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा नहीं ली जाएगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2024 में ली गयी प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। वार्षिक परीक्षा, 2024 में आयोजित प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं रखते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों को वार्षिक परीक्षा, 2024 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सुविधाएँ देय नहीं होगी।

ऐसे परीक्षार्थी उपर्युक्त कंडिका–3 (iii) के आलोक में **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024** में सभी विषयों की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षाओं में भी सम्मिलित होने की पात्रता रखते हैं।

(ii) वैसे विद्यार्थी, जो इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होकर 02 (दो) अनिवार्य विषयों एवं 03 (तीन) ऐच्छिक/वैकल्पिक विषयों को मिलाकर अर्थात कुल 05 (पाँच) विषयों में से अधिकतम 02 (दो) विषयों में अनुत्तीर्ण हुए हों और इस कारण उनका परीक्षाफल अनुत्तीर्ण घोषित है, तो वे पहले अवसर का लाभ लेकर **इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024** में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में उस अनुत्तीर्ण विषय/विषयों (अधिकतम दो विषय) की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों को श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय नहीं होगी। वे अगले वर्ष फरवरी/मार्च में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा, 2025 में दूसरे तथा अप्रैल/मई 2025 में संभावित कम्पार्टमेंटल परीक्षा, 2025 में तीसरे व अंतिम अवसर का लाभ ले सकते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों के प्रायोगिक विषय की परीक्षा नहीं ली जायेगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2024 में ली गई प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। वार्षिक परीक्षा, 2024 में आयोजित प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं रखते हैं।

(iii) वैसे विद्यार्थी, जो इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होकर 02 (दो) अनिवार्य विषयों एवं 03 (तीन) ऐच्छिक/वैकल्पिक विषयों को मिलाकर अर्थात कुल 05 (पाँच) विषयों में से अधिकतम 02 (दो) विषयों में अनुत्तीर्ण रहे हों और इस कारण उनका परीक्षाफल अनुत्तीर्ण घोषित है और यदि वे पहले अवसर का लाभ लेकर कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में अथवा/तथा दूसरे अवसर का लाभ लेकर वार्षिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होकर अनुत्तीर्ण रहे हो, तो वे तीसरे अवसर का लाभ लेकर **इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024** में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में उस अनुत्तीर्ण विषय/विषयों की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। इस हेतु विद्यार्थी अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों को श्रेणी एवं अन्य सुविधाएँ देय नहीं होगी। इस कोटि के परीक्षार्थियों के प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा नहीं ली जायेगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2023 में ली गई प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। वार्षिक परीक्षा, 2023 में आयोजित प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे।

5. उल्लेखनीय है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण कतिपय परीक्षार्थी द्वारा अपनी उत्तरपुस्तिकाओं के पुनरीक्षण (स्क्रूटिनी) हेतु ऑनलाईन आवेदन भरा जाता है। साथ ही वे कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भी अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से भर देते हैं। इस संबंध में स्पष्ट करना है कि **यदि उत्तरपुस्तिकाओं के पुनरीक्षण (Scrutiny) के उपरांत किसी परीक्षार्थी के अंकों में परिवर्तन के पश्चात वे उत्तीर्णता प्राप्त करते हैं, तो उनका इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 का परीक्षाफल ही मान्य होगा न कि इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 का परीक्षाफल।**

6. सत्र 2022–24 से राज्य के चिन्हित +2 विद्यालयों में कतिपय व्यावसायिक ट्रेडों यथा–सुरक्षा (Security) ब्यूटिशियन (Beautician) टूरिज्म (Tourism) रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), ऑटोमोबाईल (Automobile), इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), टेलीकॉम (Telecom) एवं आई०टी० / आई०टी०ई० (IT/ITes) का पठन–पाठन प्रारंभ किया गया है। जिन विद्यार्थियों के द्वारा उपर्युक्त व्यावसायिक ट्रेडों में से किसी ट्रेड का चयन किया गया है, यदि वे इन्टरमीडिएट वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा, 2024 में 02 (दो) अनिवार्य विषयों, 03 (तीन) ऐच्छिक/वैकल्पिक विषयों तथा व्यावसायिक ट्रेड के 01 (एक) विषय को मिलाकर अर्थात कुल 06 (छः) विषयों में से अधिकतम 02 (दो) विषयों में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण होते है, तो वे इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हो सकते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा नहीं ली जाएगी। उनके वार्षिक परीक्षा, 2024 में ली गयी प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। वार्षिक परीक्षा, 2024 में आयोजित प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित परीक्षार्थी इस परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं रखते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थियों को वार्षिक परीक्षा, 2024 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सुविधाएँ देय नहीं होगा। अधिकतम दो विषयों की सैद्धांतिक परीक्षा, 2024 में **अनुपस्थित परीक्षार्थी** उपर्युक्त उक्त कंडिका–3 (iii) के आलोक में **इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024** में सभी विषयों की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षाओं में भी सम्मिलित होने की पात्रता रखते हैं। जिस विद्यार्थी के द्वारा व्यावसायिक ट्रेड का चयन किया गया है, उस विद्यार्थी को वैकल्पित व्यावसायिक ट्रेड की सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है; अन्यथा उसका परीक्षाफल अनुत्तीर्ण घोषित होगा।

+2 स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले सभी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी शिक्षण संस्थान के विद्यार्थी को इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024/इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 में सम्मिलित कराने के संबंध में माननीय न्यायालय द्वारा कोई आदेश पारित किया गया हो, तो वैसे शिक्षण संस्थान के प्राचार्य/विद्यार्थी न्यायादेश की छाया प्रति के साथ बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) के कार्यालय में दिनांक **04.04.2024** को निर्धारित समय पर स्वयं/अपने प्रतिनिधि के साथ संपर्क करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि न्यायादेश के आलोक में यथा–उपयुक्त कार्रवाई की जा सके। उक्त निर्धारित तिथि को यदि किसी शिक्षण संस्थान के प्राचार्य/विद्यार्थी द्वारा इस संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराया जाती है, तो उनका दावा मान्य नहीं होगा और इसकी पूरी जवाबदेही संबंधित शिक्षण संस्थान/विद्यार्थी की होगी।

इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024/इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 हेतु परीक्षार्थी से लिये जाने वाले निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण :–

मद	प्रति परीक्षार्थी निर्धारित शुल्क
परीक्षा आवेदन–पत्र का शुल्क	रु० 150/–
परीक्षा शुल्क	रु० 260/–
लोकल लेवी	रु० 480/–
अंक–पत्र शुल्क	रु० 170/–
औपबंधिक प्रमाण–पत्र शुल्क	रु० 170/–
प्रव्रजन (Migration) प्रमाण–पत्र शुल्क	रु० 170/–
ऑनलाईन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाईन आवेदन भरने तथा उन्हें बग्गी/मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा।	रु० 30/–
ऑनलाईन शुल्क सहित कुल परीक्षा एवं अन्य शुल्क	**रु० 1430/–**
कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के समुन्नत एवं क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के लिए अनुमति शुल्क	रु० 340/–
व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समुन्नत परीक्षार्थी के लिए अनुमति शुल्क	रु० 340/–
सिर्फ व्यावसायिक पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी के लिए व्यावहारिक परीक्षा शुल्क	रु० 400/–

विभिन्न कोटि के परीक्षार्थी के लिए कुल निर्धारित शुल्क विवरण:–

परीक्षार्थी की कोटि	मद	समिति के खाते में जमा करने हेतु प्रति विद्यार्थी निर्धारित शुल्क	प्रति विद्यार्थी लिया जाने वाला ऑनलाईन शुल्क (जो संस्थान द्वारा रखा जाएगा)	प्रति विद्यार्थी लिया जाने वाला कुल शुल्क
नियमित/स्वतंत्र पूर्ववर्ती परीक्षार्थी (जो प्रथम बार आवेदन भरेंगे) के लिए;	परीक्षा एवं अन्य शुल्क	रु० 1400/– मात्र	रु० 30/–	रु० 1430/–
समुन्नत एवं क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के लिए ;	परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क सहित)	रु० 1740/– मात्र	रु० 30/–	रु० 1770/–
व्यावसायिक पाठ्यक्रम के नियमित कोटि के परीक्षार्थी के लिए;	परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित)	रु० 1800/– मात्र	रु० 30/–	रु० 1830/–
व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के लिए;	परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क एवं व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित)	रु० 2140/– मात्र	रु० 30/–	रु० 2170/–
व्यावसायिक पाठ्यक्रम के पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी के लिए ;	परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित)	रु० 1460/– मात्र (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है)	रु० 30/–	रु० 1490/–
पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) के लिए;	परीक्षा एवं अन्य शुल्क	रु० 1060/– मात्र (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है)	रु० 30/–	रु० 1090/–
कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के लिए;	परीक्षा एवं अन्य शुल्क	रु० 930/– मात्र 1. चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है। 2. परीक्षा शुल्क का मात्र 50% (प्रतिशत) ही देय है	रु० 30/–	रु० 960/–

नोट:(1) ऑनलाईन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाईन आवेदन भरने तथा उन्हें बग्गी/मूल/प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा।

(2) इन्टरमीडिएट कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के केवल नियमित (Regular) श्रेणी के SC, ST तथा EBC कोटि के विद्यार्थियों के द्वारा परीक्षा शुल्क रु० 260/– (दो सौ साठ रुपये मात्र) नहीं दिया जाना है. चूँकि उन्हें इस शुल्क का भुगतान करने से छूट है।

9. परीक्षा आवेदन पत्र में यथा–निर्दिष्ट सभी स्तंभों में अपेक्षित विवरणों को पूरी शुद्धता के साथ भरा जाए, ताकि परीक्षोपरांत निर्गत होने वाले अंक प्रमाणपत्र के विवरणों में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रह जाए तथा समिति अभिलेख में सभी विवरण सही–सही संधारित रहें।

10. **सत्र 2022–24 के विगमित एवं स्वतंत्र कोटि के सूचीकृत विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन का प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया:–** शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर समिति के पोर्टल पर लॉग–इन किया जाएगा तथा सत्र 2022–24 के सूचीकृत विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र (खण्ड–A एवं खण्ड–B) डाउनलोड कर सभी सूचीकृत विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

10.1 **सत्र 2022–24 के पूर्व के सत्रों के सूचीकृत एवं पात्र विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया:–** पूर्व सत्रों के सूचीकृत विद्यार्थी, जो पूर्ववर्ती परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी, समुन्नत परीक्षार्थी अथवा क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के रूप में इन्टरमीडिएट आई०डी० एवं विशेष परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होना चाहते हैं, के लिए एकीकृत (बिना खण्ड–A एवं खण्ड–B के) परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र भी समिति के पोर्टल पर अपलोड है, जिसे शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर डाउनलोड कर लेंगे तथा इच्छुक विद्यार्थियों को उपलब्ध कराएंगे।

11. **समिति के पोर्टल पर परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने की प्रक्रिया:–** विगत कई वर्षों में कुछ विद्यार्थियों का सूचीकरण/परीक्षा आवेदन भरने के उपरांत निर्धारित शुल्क कतिपय शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा जमा नहीं किए गए हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। इसके कारण कई विद्यार्थियों का परीक्षाफल काफी अधिक समय तक लंबित रहता है, जो उचित नहीं है। **इसलिए इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 से यह प्रावधान किया गया है कि जितने विद्यार्थियों का परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उतने विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर निर्धारित शुल्क शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा प्रथमतः जमा किया जाएगा। इसके उपरांत ही परीक्षा आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए निम्नलिखित प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा:–**

(i) समिति का पोर्टल **http://seniorsecondary.biharboardonline.com** खोलेंगे।

↓

(ii) तत्पश्चात Click Here For Intermediate Compartmental And Special Examination, 2024 पर क्लिक करेंगे।

↓

(iii) क्लिक करने के उपरांत शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग कर कॉलेज/+2 स्कूल को लॉग–इन करेंगे।

↓

(iv) लॉग–इन करने के उपरांत Exam Module पर क्लिक करेंगे तथा उसके बाद Exam Form पर क्लिक करेंगे।

↓

(v) Exam Form में Make Payment पर क्लिक करेंगे तत्पश्चात Faculty (संकाय) तथा Category (Regular/Private/Ex/ Improvement/ Compartmental/Qualifying) का चयन कर उन्ही छात्रों का Payment करेंगे, जिनका परीक्षा फार्म भरना हो

↓

(vi) Payment करने के उपरांत Exam Form/Payment Status पर जाएँगे, जिस आवेदन का Payment Success होगा, उसका ही Exam Form का Edit/View Option दिखेगा। तत्पश्चात Edit/View Option पर जाकर Verify करते हुए Exam Form सबमिट करेंगे।

12. ऐसे परीक्षार्थी, जिनका इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने के क्रम में परीक्षा शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर दिया गया है, परन्तु किसी कारणवश उनका ऑनलाईन परीक्षा आवेदन अंतिम रूप से नहीं भरा गया है और वे इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 में परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित हो, तो वैसे परीक्षार्थी, अगर इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024/इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरते है, तो उनका जमा परीक्षा शुल्क समायोजित किया जाएगा।

नोट:– जिस परीक्षार्थी का Registration/Examination Form भरे जाने के मद में निर्धारित शुल्क जमा होगा/रहेगा, उसका ही Examination Form का Edit/View Option दिखाई देगा।

13. सत्र 2022–24 के सूचीकृत विद्यार्थियों का Unique Id के साथ सूचीकरण प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इन विद्यार्थियों का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरते समय विशेष रूप से ध्यान दिया जाए कि किसी विद्यार्थी का Unique Id के बिना परीक्षा आवेदन नहीं भरा जाए, अन्यथा उनका परीक्षा आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है। परीक्षा आवेदन भरने में विद्यार्थी का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० भरा जाना है। जिन विद्यार्थियों का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० भरा जाएगा, उन विद्यार्थियों को समय–समय पर परीक्षा संबंधी जानकारी उनके मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० पर मिलती रहेगी।

14. **रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध में:–** पूर्ववर्ती सत्रों के जिस विद्यार्थी का इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024/ इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उस पर संबंधित विद्यार्थी का फोटो का साईज एवं प्रकार निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–

(i) फोटो का साईज एवं प्रकार :–
Image Size :- 35 mm X 30 mm का हो (400-500 KB के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो)
Head Size/Face Size :- 25 mm X 20 mm
Background :- Plain White or Light Green
(ii) स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5cm width x 1 cm height) में हो तथा आकार 5–20 KB से अधिक न हो।

15. **परीक्षा शुल्क भुगतान के संबंध में:–** परीक्षा शुल्क का भुगतान इंडियन बैंक अथवा Axis बैंक के किसी भी शाखा में ई–चालान, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग तथा RTGS/NEFT के माध्यम से किया जायेगा।

16. इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024/इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने हेतु वैसे विद्यार्थी, जिनका सूचीकरण आवेदन निर्धारित अवधि तक ऑनलाईन भरा गया है और बार–बार दिए गए अवसर के बावजूद अभी तक उनका सूचीकरण शुल्क प्राप्त नहीं किया गया है। ऐसे विद्यार्थी के बकाया सूचीकरण शुल्क की राशि अनिवार्य रूप से जमा करना आवश्यक होगा, अन्यथा उनका समिति के पोर्टल पर ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने हेतु नाम दिखाई नहीं देगा, जिसकी सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

(i) समिति की वेबसाईट–**seniorsecondary.biharboardonline.com** पर यूजर मैनुअल उपलब्ध रहेगा।

17. उपर्युक्त के अनुसार शिक्षण संस्थान के प्रधान दिनांक– 28.03.2024 से 04.04.2024 तक की अवधि में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरना एवं शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

18. **जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से की जाने वाली कार्रवाई:–** जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने जिला में अवस्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधानों की बैठक आहूत कर उन्हें विद्यार्थी को ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरे जाने हेतु सभी नियमों से अवगत कराते हुए उसका दृढ़ता से अनुपालन करने के संबंध में निदेशित करेंगे।

19. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाइन नम्बर–0612–2230039 अथवा **E-mail ID: reg.bsebhelpdesk@gmail.com** पर सूचित करके समस्या का त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

20. अतः अनुरोध है कि विषय प्राथमिकता देते हुए पूरी सतर्कता के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन्टरमीडिएट विशेष परीक्षा, 2024/इन्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों वाले विद्यार्थियों के ऑनलाईन परीक